an>

Title: Need to formulate a long term plan and to provide special financial assistance for making Dhanbad and other areas of Jharkhand free from pollution.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से देश में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। झारखंड प्रदेश के अंतर्गत धनबाद हमारे देश के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में से एक है। धनबाद में प्रदूषण का ग्राफ कंप्रिहैन्सिव एनवायर्नमैंटल पॉल्यूशन इंडैक्स 78.63 हो गया है जिसके कारण केन्द्र सरकार ने धनबाद में कोई नया उद्योग लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। धनबाद तथा आसपास के क्षेत्रों में ज़मीन के नीचे लगी आग प्रदूषण का प्रमुख कारण है। झारखंड के प्रमुख शहरों में 103 कोल माइन्स, 8 कोल वाशरी प्रदूषण के ग्राफ को बढ़ा रही है। कोल वाशरीज़ के कारण दामोदर नदी का जल प्रदूषित हो चुका है। धनबाद तथा आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर दुप्रभाव पड़ रहा है। वहाँ के लोग अनेक गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। इस क्षेत्र में जलवायु, भूमि में प्रदूषण, अत्यंत विकराल रूप धारण कर चुका है। कोयले की डस्ट से सबसे अधिक प्रदूषण हो रहा है। आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूँ कि जनहित में झारखंड प्रदेश के धनबाद सहित अन्य प्रदूषित क्षेत्रों को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए दीर्घकालीन योजना बनाई जाए, कोयले की डस्ट को जल तथा वायु में फैलने से रोका जाए। धनबाद तथा आसपास के प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य योजना चलाई जाए। इन सब कार्यों के लिए विशेष आर्थिक मदद अवमुक्त की जाए।